भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 462
दिनांक 09 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ट्रॉमा सेंटर

462. डॉ. जय सिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी:
श्री तेजस्वी सूर्या:
श्री धर्मेन्द्र कश्यप:
श्रीमती संगीता आजाद:
श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:
डॉ. उमेश जी. जाधव:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश सहित दुर्घटनाओं में घायल रोगियों के उपचार के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार/जिला-वार कितने ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए गए /स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है;
(ख) राष्ट्रीय राजमार्गों पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए गए/स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है;
(ग) मध्य प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश सहित देश में ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सरकार के पास कितने प्रस्ताव लंबित हैं; और
(घ) ऐसे लंबित प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है और इनके कब तक स्वीकृत होने की संभावना है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) और 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) के दौरान ''राष्ट्रीय ट्रॉमा एवं बर्न इंजरीस रोकथाम और प्रबंधन कार्यक्रम'' के तहत देश भर में 196 आघात परिचर्या सुविधा केन्द्र (टीसीएफ) स्वीकृत किए गए थे। स्कीम के मानकों के अनुसार राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर अनुमोदन प्रदान किए गए थे। 12वीं पंचवर्षीय योजना के बाद उपर्युक्त कार्यक्रमों के तहत नए आघात परिचर्या सुविधा केन्द्र अभिज्ञात करने संबंधी प्रावधान नहीं किया गया है। स्वीकृत टीसीएफ का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में है।

		अनुलग्नक- I
<u>राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में "राष्ट्रीय ट्रॉमा एवं बर्न इंजरीस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम" के तहत स्वीकृत टीसीएफ का ब्यौरा</u>		
क्र.सं.	**राज्य**	**टीसीएफ**
1	आंध्र प्रदेश	14
2	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1
3	अरुणाचल प्रदेश	4
4	असम	7
5	बिहार	9
6	छत्तीसगढ	6
7	दादरा और नगर हवेली	1
8	झारखंड	4
9	जम्मू और कश्मीर	4
10	लद्दाख	1
11	गुजरात	15
12	गोवा	1
13	हरियाणा	3
14	हिमाचल प्रदेश	6
15	कर्नाटक	8
16	केरल	6
17	मध्य प्रदेश	5
18	महाराष्ट्र	6
19	मणिपुर	6
20	मेघालय	3
21	मिजोरम	7
22	नगालैंड	5
23	ओडिशा	6
24	पंजाब	5
25	राजस्थान	10
26	सिक्किम	4

27	तमिलनाडु	13
28	तेलंगाना	4
29	त्रिपुरा	5
30	उत्तर प्रदेश	13
31	उत्तराखंड	4
32	पश्चिम बंगाल	10

****